# RAMNARAIN RUIA AUTONOMOUS COLLEGE, MUMBAI-19

## Minutes of the meeting of the Board of Studies in Hindi

Date: 25/ 3//2025

Time: 11:00 a.m

Venue : Hybrid Mode

Members Present:

| Sr.No. | Name | Signature |
|---|---|---|
| 1 | Dr. Pravin Chandra Bisht (Chairman) | [signature] |
| 2 | Dr.P.V. Mahalinge | [signature] |
| 3 | Dr. Rekha Sharma | [signature] |
| 4 | Dr. Satish Pandey | [signature] |
| 5 | Dr. Sanjyoti Mahadeo Sanap | |
| 6 | Dr.Usha Mishra | [signature] |
| 7 | Mr Sudhir Pathak | |
| 8 | Mr. Prabhakar Dubey | [signature] |
| 9 | Mr. Siddharth Manoj Dwivedi | |
| 10 | Dr. Santosh Kaul Kak | [signature] |

# Minutes of The Meeting

## स्वायत्त पाठ्यक्रम : हिन्दी विभाग

25 मार्च 2025 को सर्व प्रथम रामनारायण रुइया स्वायत्त महाविद्यालय के हिन्दी अध्ययन मंडल व हिन्दी विभाग के अध्यक्ष, डॉ. प्रवीण चंद्र बिष्ट ने उपस्थित अध्ययन मंडल के सदस्यों का ससम्मान स्वागत किया । इसके पश्चात सर्व सम्मति से पिछले सत्र में आयोजित अध्ययन मंडल की मीटिंग (25 सितंबर 2024) में सुनिश्चित किए गए पाठ्यक्रम की रूपरेखा के मिनट्स पढ़कर सुनाये । जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की । उसके पश्चात इस मीटिंग के उद्देश्यों पर चर्चा चली । जिससे निम्न मुद्दे उभरकर आए --

बैठक का संचालन करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण चंद्र बिष्ट ने निम्न एजेंडों को BOS के सदस्यों के समक्ष रखा ।

**Agenda No. 1:** To revise and approve the syllabi for TYBA for the academic year 2025-26 under NEP.

हिंदी विभाग द्वारा TYBA (Semester V and VI, 2025-26) का पाठ्यक्रम तैयार किया गया । इसके तहत पहले विषय (Subject -1) के अंतर्गत Discipline- Specific Course में Credits-12 अर्थात 4 credits के 3 courses कोर्स पढ़ाए जाएँगे जिनमें :

**TYBA (DSC Subject -1, Paper -1, credit-4)**

**DISCUSSED THAT** :

पहला पेपर : 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' 4 क्रेडिट का रहेगा ।

'हिंदी साहित्य का इतिहास' के पाँचवे सत्र और छठे सत्र में कुछ संशोधनों के साथ पाठ्यक्रम को स्वीकृति दी गई । पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन का सुझाव दिया गया; जिसके अंतर्गत प्रत्येक सत्र के चौथे यूनिट में सौ-सौ एक वाक्य वाले प्रश्नों को शामिल किया जाय ।

**RESOLVED THAT:**

BOS के सभी सदस्यों के सहयोग से यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया जिसे पूर्ण बहुमत से स्वीकृति प्रदान की गई है ।

**TYBA (DSC Subject -1, Paper -2, credit- 4 )**

**DISCUSSED THAT** :

दूसरा पेपर : 'साहित्य समीक्षा, छंद और अलंकार' 4 क्रेडिट का रहेगा ।

'साहित्य समीक्षा, छंद और अलंकार' के पाँचवे सत्र और छठे सत्र में परीक्षा पैटर्न के अन्तर्गत अलंकार व छंदों के दोनों भेदों में से प्रत्येक सत्र में एक-एक प्रश्न (अर्थात प्रथम सत्र में मात्रिक छंद व वार्णिक तथा द्वितीय सत्र में शब्दालंकार व अर्थालंकार से एक-एक प्रश्न) पूछा जाय । साथ ही पाँचवे सत्र के तीसरे यूनिट में मुक्तक काव्य को शामिल करने का सुझाव दिया गया। इस प्रकार उक्त संशोधनों के साथ पाठ्यक्रम को स्वीकृति दी गई ।

**RESOLVED THAT:**

BOS के सभी सदस्यों के सहयोग से यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया जिसे पूर्ण बहुमत से स्वीकृति प्रदान की गई है ।

**TYBA (DSC Subject -1, Paper -3, credit-4)**

**DISCUSSED THAT** :

तीसरा पेपर : 'भाषा विज्ञान, हिंदी भाषा और हिंदी व्याकरण' के दोनों सत्रों को दो खंडों में बाँटा गया है । इसके प्रत्येक सत्र के प्रथम खंड में भाषा विज्ञान तथा द्वितीय खंड में व्याकरण को शामिल किया गया है । जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की ।

**RESOLVED THAT:**

BOS के सभी सदस्यों के सहयोग से यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया जिसे पूर्ण बहुमत से स्वीकृति प्रदान की गई है ।

**TYBA (DSE Subject -1, credit-4) A**

**DISCUSSED THAT** :

'मध्यकालीन एवं आधुनिक हिंदी साहित्य' में पाँचवे सत्र में आठ महत्त्वपूर्ण चुनी हुई कहानियाँ व सात चुनी हुई कविताओं को शामिल किया गया है । जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। इसी प्रश्न पत्र के छठे सत्र में प्रथम व द्वितीय यूनिट में चुनी हुई कविताएँ तथा तृतीय और चतुर्थ यूनिट में 6 निबंध को शामिल किया गया है । जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की ।

**RESOLVED THAT:**

BOS के सभी सदस्यों के सहयोग से यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया जिसे पूर्ण बहुमत से स्वीकृति प्रदान की गई है ।

**TYBA (DSE Subject -1, credit-4) B**

**DISCUSSED THAT :**

'हिन्दी साहित्य के विविध-विमर्श' के पाँचवे सत्र में स्त्री विमर्श व आदिवासी-विमर्श तथा छठे सत्र में दलित विमर्श व किन्नर-विमर्श को शामिल किया गया | जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की |

**RESOLVED THAT:**

BOS के सभी सदस्यों के सहयोग से यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया जिसे पूर्ण बहुमत से स्वीकृति प्रदान की गई है ।

**TYBA MINOR PAPER: Credits- 2 (Sem – 5 and 6)**

**DISCUSSED THAT :**

'जन संचार माध्यम ' के पाँचवे सत्र का प्रथम यूनिट जनसंचार पर और द्वितीय यूनिट मुद्रित माध्यम (प्रिन्ट मीडिया) पर केंद्रित किया गया है | छठे सत्र का प्रथम यूनिट विज्ञापन (Advertisement) की पृष्ठभूमि पर केंद्रित है और द्वितीय यूनिट 'माध्यम के आधार पर विज्ञापन के प्रकार' पर केंद्रित किया गया है | जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की |

**RESOLVED THAT:**

BOS के सभी सदस्यों के सहयोग से यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया जिसे पूर्ण बहुमत से स्वीकृति प्रदान की गई है ।

**Vocational Skill Course: Credits- 2 (Sem – 5)**

**DISCUSSED THAT :**

'सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक अनुवाद (Theoretical & Practical Translation)' के **पाँचवे सत्र** के प्रथम यूनिट में अनुवाद के सैद्धांतिक पक्ष को रखा गया है तथा दूसरे यूनिट में अनुवाद के व्यावहारिक पक्ष को रखा गया है | जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की |

**RESOLVED THAT:**

BOS के सभी सदस्यों के सहयोग से यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया जिसे पूर्ण बहुमत से स्वीकृति प्रदान की गई है ।

**Field Project : Credits- 2 (Sem – 5)**

**DISCUSSED THAT** :

फील्ड प्रोजेक्ट के पाँचवे सत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों को भाषा, साहित्य, समाज, मीडिया पत्रकारिता, भाषा का डिजिटल अध्ययन तथा हिंदी में डॉक्यूमेंट्री आदि विषयों पर प्रकल्प दिए जाएँगे | जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की |

**RESOLVED THAT:**

BOS के सभी सदस्यों के सहयोग से यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया जिसे पूर्ण बहुमत से स्वीकृति प्रदान की गई है ।

**On-job-training- Credits- 4 (Sem – 6)**

**DISCUSSED THAT** :

On-job-training को छठे सत्र में रखा गया है जिसके तहत दो क्रेडिट का कोर्स महाविद्यालय द्वारा Swayam / NPTEL के माध्यम से लिया जाएगा | तथा 2 क्रेडिट के लिए विद्यार्थियों को विषय से संबंधित संस्थाओं में भेजा जाएगा जहाँ विद्यार्थी 60 घंटे कार्य करने का प्रत्यक्ष अनुभव लेंगे अथवा शोध-प्रक्रिया से संबंधित जानकारी लेंगे |

**RESOLVED THAT:**

BOS के सभी सदस्यों के सहयोग से यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया जिसे पूर्ण बहुमत से स्वीकृति प्रदान की गई है ।

**Agenda No. 2** : To discuss our own Certificate Courses and approve 2-4 credit Certificate Courses offered by NPTEL, Swayam /MOOC.

**DISCUSSED THAT** :

Certificate course :

Hindi Department & Hindustani Prachar Sabha , Mumbai द्वारा Certificate course 'हिन्दी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम- कौशल' (Skill Based Hindi Syllabus) तैयार किया गया है | यह सर्टिफिकेट कोर्स 4 क्रेडिट का होगा | यह पाठ्यक्रम भारत सरकार व उसके शिक्षा मंत्रालय द्वारा पोषित है | (Granted by Hindi Directorate, Ministry of Education, Government of India) यह पाठ्यक्रम

पूर्णतः निःशुल्क है | इसे OE/GE के तहत भी रखा जा सकता है | जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की |

RESOLVED THAT: BOS के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सर्टिफ़िकेट कोर्स 4 क्रेडिट को स्वीकृति प्रदान की गई है |

हस्ताक्षर:

डॉ. प्रवीण चंद्र बिष्ट

अध्यक्ष, हिंदी विभाग

रामनारायण रुइया स्वायत महाविद्यालय, मुंबई-19

**Principal**
Ramnarain Ruia Autonomous College
Matunga, Mumbai - 400 019.

RAMNARAIN RUIA AUTONOMOUS COLLEGE 1937 MUMBAI-19

## RAMNARAIN RUIA AUTONOMOUS COLLEGE, MUMBAI-19
## Minutes of the meeting of the Board of Studies in Hindi

Date: 25/ 9//2024

Time: 10:00 a.m

Venue : Online Mode

Members Present:

| Sr.No. | Name | Signature |
|---|---|---|
| 1 | Dr. Pravin Chandra Bisht (Chairman) | Present |
| 2 | Dr.P.V. Mahalinge | Present |
| 3 | Dr. Rekha Sharma | Present |
| 4 | Dr. Satish Pandey | Present |
| 5 | Dr. Sanjyoti Mahadeo Sanap | Present |
| 6 | Dr. Usha Mishra | Present |
| 7 | Mr Sudhir Pathak | Present |
| 8 | Mr. Prabhakar Dubey | Present |
| 9 | Mr. Siddharth Manoj Dwivedi | Present |

# रामनारायण रुइया स्वायत्त महाविद्यालय मुंबई -19

## Bos meeting - 25 September 2024

25 सितंबर 2024 को ठीक 10:00 बजे भाषीय पटल (online) पर हिंदी विभाग के B O S की मीटिंग संपन्न हुई । इस मीटिंग में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे -

BOS Meeting

एजेंडा न. 1)

इस मीटिंग का आरंभ हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण चन्द्र बिष्ट ने किया। जिसमें उन्होंने 22 जून २०२४ के BOS मीटिंग के मिनट्स को सभी सदस्यों के समक्ष रखा।

RESOLVED THAT: BOS के सभी सदस्यों ने पिछली मीटिंग की कुछ अनियमितताओं को रेखांकित करते हुए उसमें सुधार के साथ अपनी स्वीकृति प्रदान की ।

एजेंडा न. 2)

NEP 2020 के तहत FY/SYBA/SYBSc/SYBVoc (Semester II and IV for the year 2024-25). के पाठ्यक्रमों में बदलाव के लिए सुझाव

1. SYBA के तहत Ability Enhancement Course (MIL ) के चौथे सत्र में पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए, पाठ्यक्रम का विषय आधुनिक गद्य की जगह 'स्तम्भ लेखन' किया गया है । इसके अंतर्गत यूनिट एक में स्तम्भ लेखन की अवधारणा, स्तम्भ लेखन के प्रकार व स्तम्भ लेखन का व्यावहारिक स्वरूप (विद्यार्थियों से विविध विषयों में स्तम्भ लेखन कराए जाएगा) तथा यूनिट दो में 5 स्तम्भ लेखकों के (शरद जोशी, विजय कुमार, हरिशंकर परसाई, विमल मिश्र व प्रभाष जोशी) स्तम्भ लेखों को रखा जाएगा । और विद्यार्थियों से भी स्तम्भ लिखने का अभ्यास कराया जाएगा ताकि वे स्तम्भ लेखन के कौशल में निपुर्ण हो सकें ।
2. FYBA DSC के प्रथम सत्र में हिंदी कथा-साहित्य एवं निबंध सौरभ नामक पुस्तक को हटा कर हिंदी कथा साहित्य एवं कविता (सूर्यकांत त्रिपाठी निराला - भर देते हो, सुमित्रानंदन पंत - पर्वत प्रदेश मे पावस, नागार्जुन - हटे दनुजदल, मिटे अमंगल, दुष्यंत कुमार - गज़ल, निर्मला पुतुल- आदिवासी स्त्रियाँ, मंगलेश डबराल- दादा की तस्वीर, राजेश जोशी - बच्चे काम पर जा रहे हैं, अश्वघोष - बहुत दिनों के बाद ) को शामिल किया गया है।

RESOLVED THAT: BOS के सभी सदस्यों ने पूर्ण बहुमत के साथ स्वीकृति प्रदान की ।

एजेंडा न. 3)

महाविद्यालय के परीक्षा पैटर्न को BOS के समक्ष रखा गया |

RESOLVED THAT: BOS के सभी सदस्यों ने उसे उसे रूप में पूर्ण बहुमत के साथ स्वीकृति प्रदान की ।

एजेंडा न. 4)

Field Projects/CEP (Community Engagement Programs) : Semester III and IV (2024-25) को कंडक्ट करने के लिए सुझाव इस प्रकार दिये गए-

1. Field Projects: आकाशवाणी केंद्र पर जाकर वहाँ के गतिविधियों को जानना, विज्ञापन एजेंसी में जा कर विज्ञापन सम्बंधित जानकारी लेना, बैंकों में जाकर ट्रांसलेशन सम्बंधित जानकारी लेना आदि
2. CEP (Community Engagement Programs) : NGO- वृधाश्रम में जाकर वहाँ की परिस्थितियों को जानना, बाल सुधार केन्द्रों पर जाकर जानकारी प्राप्त करना, स्त्री समस्याओं से सम्बंधित विषयों को जानना, पर्यावरण से सम्बंधित विषयों की जानकारी लेना, पत्र-पत्रिकाओं की कार्य पद्धति को समझना ।

RESOLVED THAT: BOS के सभी सदस्यों ने पूर्ण बहुमत के साथ स्वीकृति प्रदान की ।

एजेंडा न. 4)

हिन्दुस्तानी प्रचार सभा द्वारा संचालित **(4 Credit)** हिंदी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (कौशल आधारित- Skill Based) के प्रस्ताव को BOS के समक्ष रखा गया, जिसकी सराहना करते हुए उन्होंने इसे प्रारंभ करने की स्वीकृति दी है । इसके अंतर्गत हिंदी साहित्य के साथ-साथ मीडिया, हिंदी में पात्र-व्यवहार, राजभाषा हिंदी और पारिभाषिक शब्दावली को भी शामिल किया गया है । यह पाठ्यक्रम हिंदी में रोज़गार से संबंधित सूचनाएँ प्रदान करते हुए उससे उपलब्ध अवसरों के द्वारा खोलेगा | साथ ही वहाँ तक पहुँचने की प्रक्रिया से अवगत कराएगा । इस पाठ्यक्रम को **केन्द्रीय हिंदी निर्देशालय, शिक्षा मंत्रालय तथा भारत सरकार** का सहयोग प्राप्त है।

RESOLVED THAT: BOS के सभी सदस्यों ने पूर्ण बहुमत के साथ स्वीकृति प्रदान की ।

डॉ. प्रवीण चंद्र बिष्ट
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग
रामनारायण रुइया स्वायत महाविद्यालय
माटुंगा, मुंबई -19.

Principal
Ramnarain Ruia Autonomous College
Matunga, Mumbai - 400 019.